# तेरा खेता के में धाम मेरी मैया मनसा रानी

तेरा खेता के में धाम,
मेरी मैया मनसा रानी।bd।

---

तेरा जग मैं धाम निराला,
तनै सबका संकट टाला,
तेरा झोली भरना काम,
मेरी मैया मनसा रानी।bd।

---

तेरी घर घर ज्योत जगै सै,
छठ सातम नै धोक लगै सै,
तनै पूज्जै छत्तीस गाम,
मेरी मैया मनसा रानी।bd।

---

तनै सबकी नाव चलाई,
तु करदे सै मन चाही,
जो ध्यावै सुबह शाम,
मेरी मैया मनसा रानी।bd।

---

सुखबीर भगत तनै चाहवै,
कौशिक तेरी महिमा गावै,
डांगी रटता तेरा नाम,
मेरी मैया मनसा रानी।bd।

---

तेरा खेता के में धाम,
मेरी मैया मनसा रानी।bd।

**Singer – Narendra Kaushik Ji**
**Upload By – Hannu Dangi Official**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com